देहरादून,पौड़ी-गढ़वाल व अल्मोड़ा से प्रकाशित www.page3news.in नगर संस्करण वर्ष 14 अंकः 291 पृष्ठ : 8 मूल्यः एक रूपए

विचार-प्रवाह...वातावरण का संतुलन



# पेज थ्री

देहरादून, मंगलवार, 31 दिसंबर 2019



मौसम अधिकतम 18.0° न्यूनतम 6.0°

41558.00

2 वैज्ञानिक को तीन साल के लिए जेल भेजा

7 कोहली विजडन की दशक की टी20 टीम में

## संक्षिप्त समाचार

### हिल स्टेशन बनी दिल्ली

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

नई दिल्ली। आमतौर पर दिल्ली के लोग गर्मियों में ठंडी के एहसास के लिए शिमला, मसूरी जैसे पहाड़ी इलाकों में जाना पसंद करते हैं। लेकिन पिछले कुछ समय से दिल्ली–एनसीआर जबरदस्त ठंड की चपेट में है और दिसंबर में तो यहां 119 साल में दूसरी बार इतनी ठंड पड़ रही है। स्थिति ये है कि पिछले कुछ दिनों से दिल्ली के कई इलाके दिन और रात में तो शिमला और मसूरी से भी ज्यादा ठंडे हैं। शिमला और मसूरी दोनों शहरों में इस सप्ताह के अंत में अधिकतम तापमान 14 डिग्री दर्ज किया गया। वहीं, दिल्ली में इस दौरान अधिकतम तापमान कम था।

### नए साल में एक लाख टन प्याज का बफर स्टॉक बनाएगी सरकार

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

नई दिल्ली। इस साल प्याज की आसमान छूती कीमतों को देखते हुए सरकार अभी से इस तैयारी में जुट गई है कि अगले साल हालात ऐसे ना बनें। केंद्र सरकार ने प्याज के बफर स्टॉक को करीब दोगुना करते हुए एक लाख टन बनाने का निर्णय किया है। वरिष्ठ अधिकारी ने सोमवार को बताया कि सरकार ने चालू वर्ष में प्याज का 56,000 टन का बफर स्टॉक तैयार किया था, लेकिन यह बढ़ती कीमत को रोकने में नाकाम रहा। प्याज के दाम अभी भी ज्यादातर शहरों में 100 रुपये किलो से ऊपर चल रहे हैं।

### नागालैंड में और छह महीने के लिए अफस्पा बढ़ाया गया

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

नई दिल्ली। अफस्पा के तहत पूरे नगालैंड को और छह महीनों (जून अंत तक) के लिए अशांत क्षेत्र घोषित कर दिया गया। सशस्त्र बल कानून के तहत सुरक्षा बल कहीं भी कार्रवाई और बिना पूर्व नोटिस किसी को भी गिरफ्तार कर सकते हैं। नगालैंड में कई दशकों से अफस्पा लागू है। सोमवार को जारी गृह मंत्रालय की अधिसूचना में कहा गया कि केंद्र सरकार की राय में नगालैंड अशांत और खतरनाक स्थिति में है।

# रावत बने चीफ ऑफ डिफेंस स्टाफ

## सीडीएस थल, जल और वायु, तीनों सेनाओं की तरफ से रक्षा मंत्री के सलाहकार होंगे

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

नई दिल्ली। सेनाध्यक्ष बिपिन रावत देश के पहले चीफ ऑफ डिफेंस स्टाफ होंगे। केंद्र सरकार ने रविवार को ही ब्वै पोस्ट के लिए उम्र की सीमा बढ़ाई थी। बता दें कि रावत 31 दिसंबर को सेनाध्यक्ष पद से रिटायर हो रहे हैं। रावत की जगह मनोज मुकुंद नरवणे नए आर्मी चीफ होंगे। बता दें कि सीडीएस का पद 'फोर स्टार' जनरल के समकक्ष होगा और सभी सेनाओं के प्रमुखों में सबसे ऊपर होगा।

गौरतलब है कि रक्षा मंत्रालय ने सेना नियमों, 1954 में कार्यकाल और सेवा के नियमों में संशोधन किया है। मंत्रालय ने 28 दिसंबर की अपनी अधिसूचना में कहा है कि चीफ ऑफ डिफेंस स्टाफ (ब्वै) या ट्राई–सर्विसेज प्रमुख 65 साल की आयु तक सेवा दे सकेंगे। इसमें कहा गया, 'बशर्ते की केंद्र सरकार अगर जरूरी समझे तो जनहित में चीफ ऑफ डिफेंस स्टाफ की सेवा को विस्तार दे सकती है।' जनरल बिपिन रावत, सेना प्रमुख पद से 31 दिसंबर को सेवानिवृत्त होंगे। मौजूदा नियमों के अनुसार, तीन सेवाओं के प्रमुख 62 साल की आयु तक या तीन साल तक सेवा दे सकते हैं।

**कैबिनेट की बैठक में पद और चार्टर को मिली थी मंजूरी**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में केंद्रीय मंत्रिमंडल ने 24 दिसंबर को ब्वै पोस्ट और इसके चार्टर एवं ड्यूटीज को मंजूरी दे दी थी। खास बात यह है कि सीडीएस, पद छोड़ने के बाद किसी भी सरकारी पद को ग्रहण करने के पात्र नहीं होंगे।

**चुनाव की प्रक्रिया क्याः** सरकार ने पहले ही बताया था कि कोई फोर स्टार जनरल सीडीएस के पद पर होगा। यह आर्मी, नेवी या एयरफोर्स किसी से भी हो सकता है। सीडीएस के पद से हटने के बाद उसे किसी भी सरकारी सेवा में जाने का अधिकार नहीं होगा।

### चीफ ऑफ डिफेंस स्टाफ की भूमिका और दायित्व क्या होंगे?



सीडीएस रक्षा मंत्री के लिए प्रधान सैन्य सलाहकार की भूमिका निभाएंगे। तीनों सेनाओं के प्रमुख भी अपनी–अपनी सेनाओं से संबंधित सलाह रक्षा मंत्री को पहले की तरह ही देते रहेंगे। सीडीएस के पास तीनों सैन्य प्रमुखों समेत कोई मिलिट्री कमांड नहीं होगा। सीडीएस तीनों सैनाओं के विभिन्न संगठनों का प्रशासक होगा। सीडीएस संबंधित अथॉरिटीज को तीनों सेनाओं की जानकारियां उपलब्ध कराएगा। वह डिफेंस ऐक्विजीशन काउंसिल और डिफेंस प्लानिंग काउंसिल के सदस्य होगा।

### क्यों पड़ी जरूरत?

करगिल युद्ध के दौरान सामने आई खामियों से सीख लेकर इसका फैसला लिया गया। ऐसा तीनों सेनाओं के बीच समन्वय स्थापित करने के लिए किया गया है। केवल चीफ ऑफ डिफेंस स्टाफ का पद सृजित करने का लक्ष्य नहीं बल्कि राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए सांस्थानिक सुधारों का लक्ष्य है। 1999 के करगिल युद्ध के मद्देनजर देश की सुरक्षा प्रणाली में खामियों की समीक्षा के लिए बनाई गई समिति ने रक्षा मंत्री के एकीकृत सैन्य सलाहकार के रूप में सीडीएस की नियुक्ति का सुझाव दिया था।

# नागरिकता ऐक्ट के समर्थन में पीएम मोदी का अभियान

## मोदी ने लोगों से इस अभियान को समर्थन देने की अपील की है

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

नई दिल्ली। नागरिकता संशोधन ऐक्ट (सीएए) के खिलाफ देशभर में मचे घमासान के बीच पीएम नरेंद्र मोदी ने ट्विटर पर अभियान शुरू किया है। पीएम ने लोगों से इस अभियान का समर्थन करने की अपील की है। मोदी के मुहिम छेड़ने के एक घंटे के अंदर ट्विटर पर यह टॉप ट्रेंड बन गया। केंद्रीय मंत्री मंत्री पीयूष गोयल, नितिन गडकरी ने मोदी की इस मुहिम को आगे बढ़ाते हुए ट्वीट किए हैं।

पीएम मोदी ने ट्वीट करते हुए लिखा है क्योंकि सीएए प्रताड़ित शरणार्थियों को नागरिकता देता है और यह किसी की नागरिकता छीनता नहीं है। पीएम ने अपने ट्वीट में लिखा है कि नमो ऐप के वॉलिंटियर मॉड्यूल के वाइस सेक्शन में मजेदार कंटेंट, ग्रॉफिक्स और अन्य को देखने के लिए



इस हैशटैग को देखें। पीएम ने अपने ट्वीट में लिखा है कि इस हैशटैग के जरिए सीएए के पक्ष में अपना समर्थन दें।

गौरतलब है कि सीएए का कांग्रेस, टीएमसी समेत लगभग सभी विपक्षी दल विरोध कर रहे हैं। राजधानी दिल्ली, यूपी, पश्चिम बंगाल, बिहार, असम में इस ऐक्ट के विरोध में जोरदार प्रदर्शन हुए थे। यूपी में तो इन प्रदर्शनों में 19 लोग मारे गए थे। दिल्ली में भी हिंसक प्रदर्शन हुए थे। विपक्षी दल सरकार से इस ऐक्ट को वापस लेने की मांग कर रहे हैं।

### बीजेपी का कांग्रेस पर निशाना

बीजेपी नेता अमित मालवीय ने पीएम मोदी की मुहिम का समर्थन करते हुए कहा कि सीएए और एनआरसी कांग्रेस की देन है। एनडीए केवल उन्हें उनका हक दे रही है जिसे कांग्रेस सालों के शासन के बाद देने में असफल रही थी।

नागरिकता संशोधन कानून न किसी भारतीय का अधिकार छीनता है, न ही किसी तरह का नुकसान पहुंचाता है। मैं अनुरोध करता हूं कांग्रेस और उसके साथी दलों से कि इस मुद्दे पर मुसलमानों को डराने या भड़काने का प्रयास न करें।

पीएम के इस ट्वीट के बाद ऐसा माना जा रहा है कि सत्तारूढ़ सरकार भी इस ऐक्ट को लेकर अब बड़ा अभियान शुरू करने वाली है।

# एक महीने में दूसरी बार डेप्युटी सीएम बने अजित

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

मुंबई। महाराष्ट्र की उद्धव ठाकरे सरकार का पहला मंत्रिमंडल विस्तार आखिरकार हो गया। एनसीपी, कांग्रेस और शिवसेना के बीच लंबी माथापच्ची के बाद कैबिनेट विस्तार में शामिल होने वाले मंत्रियों पर मुहर लगी और 36 नेताओं ने मंत्री पद की शपथ ली। इनमें सबसे ज्यादा चर्चित चेहरे हैं एनसीपी नेता अजित पवार, शिवसेना के युवा नेता आदित्य ठाकरे और कांग्रेस नेता अशोक चव्हाण। अजित पवार ने डेप्युटी सीएम, अशोक चव्हाण ने कैबिनेट मंत्री और आदित्य ठाकरे ने भी मंत्री पद की शपथ ली। इसके अलावा एनसीपी नेता और विधानसभा के पूर्व अध्यक्ष दिलीप वाल्से पाटिल, विधान परिषद में विपक्ष के पूर्व नेता धनंजय मुंडे और विधानसभा में विपक्ष के पूर्व नेता विजय वडेट्टीवार ने भी शपथ ली। ताजा विस्तार के बाद उद्धव सरकार में कुल 43 मंत्री हो गए हैं।

अजित पवार एक बार फिर से उपमुख्यमंत्री बने हैं। करीब एक महीने में वह दूसरी बार महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री बने। इससे पहले फडणवीस सरकार के दूसरे अल्पकालीन कार्यकाल में अजित पवार ने एनसीपी से बगावत कर 23 नवंबर को डेप्युटी सीएम की जिम्मेदारी संभाली थी। हालांकि, फडणवीस सरकार बहुमत पाने में असफल रही तो 26 नवंबर को पवार को इस्तीफा देना पड़ा था।

### मंत्रिमंडल

उद्धव ठाकरे सरकार का पहला मंत्रिमंडल विस्तार

**अब उद्धव सरकार में 43 मंत्री**

ताजा विस्तार के बाद उद्धव सरकार में कुल 43 मंत्री हो गए हैं। 28 नवंबर को उद्धव सरकार ने जब शपथ ली तो उस वक्त तीनों दल शिवसेना, कांग्रेस और एनसीपी से दो–दो मंत्री बने थे। अब ताजा विस्तार में 36 मंत्रियों ने शपथ ली। इस प्रकार उद्धव ठाकरे को मिलाकर मंत्रिमंडल में कुल मंत्रियों की संख्या 43 हो गई है।


Are you Planning to make a Website or already have ?

If yes, then we are here to serve you

What we do

Website Development

All type of Websites E-Commerce, Hotel Booking, Travel, Bus Ticket Booking, News Portal, Blogs, or as per client requirement.

Promotion & Branding

1. Website Promotion & Branding in any country (200+ Countries)
2. Social Media
3. Bulk SMS

Search Engine Optimisation

A-2-Z Work to make a Website Search Engine Friendly.
You tell us, we do it.

Contact: Gadoli Media Ventures

Shivam Market, 2nd Floor, Darshan Lal Chowk, Dehra Dun. | Mob: 9319700701, 7579011930

E-Mail: contact@gadoli.in


# भगवा धर्म निभाने की नसीहत

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

लखनऊ। कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी ने नागरिकता संशोधन कानून और एनआरसी को लेकर सूबे की योगी आदित्यनाथ सरकार और यूपी पुलिस पर जघ्मकर हमला बोला। उन्घ्होंने कहा कि प्रदेश में उपद्रव के बाद अब पुलिस जुल्म कर रही है। कांग्रेस महासचिव ने आरोप लगाया कि यूपी पुलिस और प्रशासन सीएम योगी आदित्घ्यनाथ के बदला लेने के बयान के आधार पर कार्रवाई कर रहा है। प्रियंका ने सीएम योगी पर भी निशाना साधा और कहा कि वह भगवा वस्त्र धारण करते हैं जो हमें शांति और करुणा सिखाता है, बदला लेना नहीं। प्रियंका गांधी ने आरोप लगाया कि सीएए के खिलाफ प्रदर्शन करने वाले लोगों को धमकाया जा रहा है।

### प्रियंका गांधी पर बीजेपी का पलटवार

अब यूपी के डेप्युटी सीएम दिनेश शर्मा ने कांग्रेस समेत विपक्षी पार्टियों पर हमला बोला है। डॉ. दिनेश शर्मा ने कहा कि प्रदेश की शांति को नष्ट करने के लिए ये लोग दुष्प्रचार करने की होड़ लगा रहे हैं। प्रियंका गांधी हिंदुत्व को बदनाम करने की कोशिश कर रही हैं।